**भारत सरकार**
**वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय**
**विकास आयुक्त का कार्यालय**
**सीप्ज़ विशेष आर्थिक क्षेत्र**
**अंधेरी (पूर्व), मुंबई - 400096**

**Government of India**
**Ministry of Commerce & Industry**
**Office of the Development Commissioner**
**SEEPZ Special Economic Zone**
**Andheri (E), Mumbai - 400096**

वेबसाइट: www.seepz.gov.in | ई-मेल: dcseepz-mah@nic.in | टेलीफोन: 022-28290856/28294700

F.No.: SEEPZ-SEZ/ADMN/695/HYP/2024-25/02228 दिनांक: 17.02.2026

## युवा पेशेवरों (यंग प्रोफेशनल) की संविदा आधार पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

सीप्ज़-सेज़ प्राधिकरण, प्राधिकरण के कार्यों एवं विधि अनुभाग के कार्यों में सहयोग प्रदान करने हेतु, योग्य एवं प्रेरित अभ्यर्थियों से संविदा आधार पर युवा पेशेवरों (यंग प्रोफेशनल) की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।

**1. पदों का विवरण**

**(क) युवा पेशेवर – मीडिया / संचार (01 पद)**

**भूमिका एवं दायित्व:**

- सीप्ज़-सेज़ प्राधिकरण हेतु मीडिया एवं संचार प्रबंधन करना।
- विषय-वस्तु (कंटेंट) का विकास, कार्यक्रमों का प्रलेखन एवं जनसंपर्क गतिविधियां करना।
- संचार सामग्री, भाषण, प्रेस विज्ञप्ति आदि का मसौदा तैयार करना।
- वेबसाइट/सोशल मीडिया हेतु सामग्री सहयोग एवं हितधारकों से समन्वय करना।

**(ख) युवा पेशेवर – विधि (01 पद)**

**कार्यस्थल: विधि अनुभाग, सीप्ज़-सेज़**
**भूमिका एवं दायित्व:**

- विधिक अनुसंधान एवं मसौदा तैयार करने में सहयोग करना।
- न्यायालयीन प्रकरणों में सहायता, प्रतिवेदन (Briefs), शपथपत्र (Affidavits) एवं प्रत्युत्तर तैयार करने में सहयोग करना।
- वाद-विवाद की स्थिति की निगरानी एवं अधिवक्ताओं के साथ समन्वय करना।
- एसईज़ेड अधिनियम एवं नियमों के अंतर्गत प्राधिकरण/विधिक अभिलेखों एवं संदर्भों की जांच करना।

**2. आवश्यक योग्यताएं**

**युवा पेशेवर – मीडिया**

- मास कम्युनिकेशन / पत्रकारिता / मीडिया अध्ययन / जनसंपर्क / डिजिटल मीडिया / समकक्ष विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।
- उत्कृष्ट मसौदा लेखन एवं संप्रेषण कौशल।

**युवा पेशेवर – विधिक**

- मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एल.एल.बी. / एल.एल.एम.।
- वाद-विवाद, विधिक मसौदा लेखन अथवा अनुसंधान का अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।

**3. अनुभव**

- संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव।

**4. आयु सीमा**

- आवेदन की अंतिम तिथि के अनुसार अधिकतम 32 वर्ष।

**5. पारिश्रमिक**

- ₹50,000 – ₹60,000 प्रतिमाह (समेकित), योग्यता एवं अनुभव के आधार पर।
- कोई अतिरिक्त भत्ता देय नहीं होगा।

**6. नियुक्ति की अवधि**

- प्रारंभिक नियुक्ति एक वर्ष के लिए होगी, जिसे सीप्ज़-सेज़ प्राधिकरण की आवश्यकता एवं कार्य प्रदर्शन के आधार पर बढ़ाया जा सकता है।
- यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर होगी तथा इससे नियमित नियुक्ति का कोई दावा स्वीकार्य नहीं होगा।

**7. सामान्य शर्तें**

- युवा पेशेवर पूर्णकालिक आधार पर कार्य करेंगे तथा संविदा अवधि के दौरान कोई अन्य कार्य/नियोजन स्वीकार नहीं करेंगे।
- किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस देकर संविदा समाप्त की जा सकती है।
- चयनित अभ्यर्थियों को सरकार की गोपनीयता संबंधी मानकों/नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा।

**8. चयन प्रक्रिया**

- आवेदन पत्रों की छंटनी पात्रता मानदंडों के आधार पर की जाएगी।

- चयनित अभ्यर्थियों को सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/व्यक्तिगत संवाद हेतु बुलाया जा सकता है।
- सीप्ज़-सेज़ प्राधिकरण का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

**9. आवेदन की प्रक्रिया**

इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन निम्नलिखित दस्तावेजों सहित प्रस्तुत करें:

- अद्यतन जीवन-वृत्त (CV)
- शैक्षणिक प्रमाण पत्र
- अनुभव प्रमाण पत्र
- फोटो पहचान पत्र

आवेदन ईमेल द्वारा इस पते पर भेजे जा सकते हैं: **admin-seepz@gov.in**
अथवा निम्न पते पर जमा किए जा सकते हैं:
**विकास आयुक्त का कार्यालय, सीप्ज़-सेज़, मुंबई।**

**10. आवेदन की अंतिम तिथि**

विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर आवेदन इस कार्यालय में प्राप्त हो जाने चाहिए।

परिशिष्ट – I

## युवा पेशेवरों की नियुक्ति हेतु आवेदन प्रारूप

(सीप्ज़-सेज़ प्राधिकरण, मुंबई)

**1. जिस पद के लिए आवेदन किया जा रहा है:**

☐ युवा पेशेवर (मीडिया / संचार)

☐ युवा पेशेवर (विधिक)

**2. व्यक्तिगत विवरण**

| **विवरण** | **जानकारी** |
|---|---|
| पूरा नाम (बड़े अक्षरों में) | |
| पिता / माता का नाम | |
| जन्म तिथि | |
| आयु (अंतिम तिथि के अनुसार) | |
| लिंग | |
| राष्ट्रीयता | |
| मोबाइल नंबर | |
| ईमेल आईडी | |
| पत्राचार का पता | |

**3. शैक्षणिक योग्यता**

| **परीक्षा** | **विश्वविद्यालय/संस्थान** | **वर्ष** | **प्रतिशत अंक / सीजीपीए** | **विशेषज्ञता** |
|---|---|---|---|---|
| स्नातक | | | | |
| स्नातकोत्तर | | | | |
| अन्य योग्यता | | | | |

**4. पेशेवर अनुभव**

*(नवीनतम रोजगार से शुरू करते हुए)*

| **क्र. सं.** | **संगठन का नाम** | **पदनाम** | **अवधि (से–तक)** | **कार्य का स्वरूप** |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

*यदि ऊपर दी गई जगह अपर्याप्त है, तो आवेदक द्वारा विधिवत हस्ताक्षरित एक अलग शीट पर विवरण संलग्न किया जा सकता है।*

**5. प्रासंगिक कौशल / विशेषज्ञता**

(i) मसौदा लेखन / विधिक अनुसंधान / वाद-सहायता (विधिक युवा पेशेवर हेतु)

(ii) मीडिया लेखन / सामग्री निर्माण / डिजिटल मीडिया (मीडिया युवा पेशेवर हेतु)

(iii) अन्य कोई प्रासंगिक कौशलः

**6. न्यायालयीन प्रकरणों का अनुभव (केवल विधिक युवा पेशेवर हेतु)**

(i) न्यायालय / अधिकरण का नामः

(ii) संभाले गए प्रकरणों का स्वरूपः

(iii) मसौदा लेखन / ब्रीफिंग / समन्वय का अनुभवः

**7. घोषणा**

मैं एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि उपर्युक्त दी गई समस्त जानकारी मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है। मैं यह समझता/समझती हूं कि यह नियुक्ति पूर्णतः संविदा आधार पर है तथा इससे नियमित नियुक्ति का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

**स्थानः** ____________

**दिनांकः** ____________

**हस्ताक्षर (आवेदक)**